
**सोमवार**
03 अक्टूबर 2022



**पृष्ठ 4**
**स्वास्थ्य के लिए बहुत गुणकारी है थाइम!**



**पृष्ठ 5**
**200 महिलाओं के साथ ऐक्शन सीन शूट कर रहे शाहरुख खान**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 235
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

चंद्रमा अपना प्रकाश संपूर्ण आकाश में फैलाता है परंतु अपना कलंक अपने ही पास रखता है।
– रवींद्र

# जितना मांगते हैं उससे भी कहीं अधिक देते हैं पीएम: धामी

विशेष संवाददाता

काशीपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड को उससे भी कहीं अधिक देते हैं जितना हम उनसे मांगते हैं। यह बात काशीपुर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले आवासीय घरों के शिलान्यास के दौरान कही।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा आज नौ शहरी आवास योजनाओं का शिलान्यास करते हुए कहा कि इस योजना के तहत 7776 घरों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 8000 गरीबों को पक्के मकान मिलना कोई छोटा काम नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के पास उनका अपना घर हो उनकी अपनी छत हो यह सोच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही हो सकती है। उन्होंने कहा कि हर गरीब का सपना होता है कि उसके पास एक छत हो जिसमें वह और उसका परिवार सुरक्षित रूप से रह सके। 9 अलग-अलग शहरी क्षेत्रों में लगभग 8000 लोगों को घर मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना 5 साल में पूरी हो जाएगी। जिसमें 533 करोड अनुमानित व्यय होगा।



**❑सीएम ने किया आवासीय योजना का शिलान्यास**
**❑पांच साल में 9 शहरों में बनेंगे 7776 पक्के घर**

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो स्नेह और प्यार उत्तराखंड को मिल रहा है वह इसके लिए प्रधानमंत्री के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि मैं जब भी दिल्ली जाता हूं और प्रधानमंत्री से उत्तराखंड के विकास के लिए कुछ कहता हूं तो बिना किसी तर्क के उनकी स्वीकृति मिल जाती है कई बार तो हम जितना मांगते हैं उससे भी अधिक मिल जाता है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट भी उनके साथ मौजूद थे। मुख्यमंत्री काशीपुर से चंपावत भी जाएंगे जहां वह आयोजित होने वाले घटोत्कच्छ मेले में शामिल होंगे।

# शिक्षक ने फोड़ा छात्रा का सिर, विभागीय जांच शुरू

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। उत्तराखंड में शिक्षक द्वारा छात्रा के सिर पर गम्भीर चोट पहुंचाए जाने का मामला सामने आया है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए शिक्षा विभाग के आलाधिकारियो ने मामले में जांच कर कड़ी कार्यवाही की बात कही है।



मामला गदरपुर ब्लॉक के जयनगर राजकीय इंटर कॉलेज का है। इस स्कूल में तीन दिन पहले एक छात्र ने प्रधानाचार्य पर लात मार स्कूल से बाहर निकालने के आरोप लगाया था। जिसके बाद मामला गरमा गया था। इस मामले पर स्थानीय लोगों व अभिभावकों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इसकी शिकायत मुख्य शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र आर्य से की थी। अब यह दूसरा मामला इसी स्कूल में शनिवार को सामने आया है। यंहा कक्षा 12वीं की छात्रा के सिर पर एक शिक्षक ने डस्टर मार दिया जिससे उसके सिर से खून बहने लगा। घर पहुंचने पर छात्रा ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद आसपास के लोग भी इक्ट्ठा हो गए। गुस्साएं अभिभावकों ने ऐसे शिक्षकों के स्थानांतरण करने एवं विभागीय कार्रवाई की मांग की है। मुख्य शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र आर्य ने कहा कि, दोनों मामलों की जांच कराई जाएगी। बच्चों के साथ हिंसक व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर जांच में मामला सही पाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## वायुसेना को मिला पहला स्वदेशी हल्का लड़ाकू हेलीकॉप्टर

नई दिल्ली। रडार के चकमा देने में माहिर, मिसाइलों से लैस... चीते की रफ्तार और पहाड़ों समेत समुद्री इलाकों में भी कारगर हल्का लड़ाकू हेलीकॉप्टर आज भारतीय वायुसेना में शामिल हो गया है। इसके साथ ही भारतीय वायुसेना की ताकत में इजाफा हुआ है, क्योंकि यह मल्टिपर्पज हेलिकॉप्टर कई तरह की मिसाइलों से लैस है। राजस्थान के जोधपुर एयरबेस पर तैनात हेलीकॉप्टर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने औपचारिक रूप से वायु सेना को सौंप दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी की उपस्थिति में भारतीय वायु सेना में स्वदेशी रूप से विकसित पहले लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) के प्रेरण समारोह में एक सर्व-धर्म प्रार्थना की गई। एलसीएच को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने विकसित किया है और इसे खास तौर पर ऊंचाई वाले इलाकों में तैनात करने के लिए डिजाइन किया गया है। 15 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर्स (एलसीएच) लिमिटेड सीरीज प्रोडक्शन की खरीद को कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने इसी साल मार्च में मंजूरी दी थी, साथ ही इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए कुल 377 करोड़ रुपये स्वीकृत किए थे जिसमें से 5 एलसीएच भारतीय सेना में शामिल हो चुके हैं। एलसीएच का मुख्य काम है कॉम्बैट सर्च एंड रेस्क्यू यानी युद्ध के समय अपने सैनिकों को खोजकर उन्हें बचाना है। इसके साथ ही डिस्ट्रक्शन ऑफ एनेमी एयर डिफेंस। घुसपैठ को रोकना। ड्रोन, अनमैन्ड एरियल व्हीकल आदि को मार गिराना एलसीएच के मुख्य काम हैं। 100 फीसदी स्वदेशी हेलीकॉप्टर की चिघाड़ से दुश्मनों का कलेजा कांपने लगेगा।

# भारत के एयरस्पेस से गुजर रहे ईरानी विमान में बम का अलर्ट, लैंडिंग की इजाजत नहीं मिली!

नई दिल्ली। भारत के एयरस्पेस से गुजर रहे एक विमान में बम होने की खबर मिलने के बाद भारत की खुफिया एजेंसियों में हड़कंप मच गया। ये विमान ईरान की फ्लाइट थी और ईरान से चीन की ओर जा रही थी। तभी एक विमान ने दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग की इजाजत मांगी। बताया गया कि विमान में बम है। भारत की सुरक्षा एजेंसियों ने इस विमान को लैंडिंग की इजाजत नहीं दी।

बता दें कि ये विमान तेहरान से चीन के ग्वांग्झू शहर की ओर जा रहा था। तभी लगभग 9 बजकर 20 मिनट पर इंदिरा गांधी एयरपोर्ट के अधिकारियों को ये जानकारी मिली कि एक विमान इमरजेंसी लैंडिंग की इजाजत चाहता है। दरअसल महां एयरपोर्ट के विमान के क्रू ने दिल्ली एयरपोर्ट एटीसी से संपर्क किया



कि इस फ्लाइट में बम है और विमान तत्काल लैंडिंग की इजाजत चाहता है। इस वक्त ये विमान इंडियन एयरस्पेस में था, लेकिन भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने किसी तरह का खतरा न उठाते हुए इस विमान को यहां उतरने की इजाजत नहीं दी और विमान को जयपुर के लिए डायवर्ट कर दिया।

दिल्ली एटीसी ने विमान को जयपुर जाने का सुझाव दिया, लेकिन विमान के पायलट ने ऐसी करने से इनकार कर दिया। इस पूरी घटना के दौरान 45 मिनट तक ये विमान इंडियन एयरस्पेस में चक्कर लगाता रहा। कुछ ही मिनटों में ईरान के इस फ्लाइट को इंडियन एयरफोर्स के सुखोई जेट विमानों ने आसमान में घेर लिया ताकि ये फ्लाइट जबरन दिल्ली या जयपुर में लैंड करने की कोशिश न करें। दुनिया भर के फ्लाइट पर नजर रखने वाली संस्था फ्लाइटरडार24 ने डाटा के हवाले बताया कि ईरान का ये विमान पहले दिल्ली के एयरस्पेस फिर बाद में जयपुर के एयरस्पेस में अपनी ऊंचाई कम कर रहा था। वायुसेना के एक्टिव होने के बाद ईरानी विमान ने अंततः भारतीय हवाई क्षेत्र छोड़ दिया बाद में इस विमान ने फिर से चीन के ग्वांग्झू शहर की दिशा पकड़ ली।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# स्वच्छता सम्मान बना मजाक

स्वच्छता की इंसानी जीवन में क्या अहमियत है? भले ही इसके बारे में भारतीय लोग दुनिया भर से अधिक जानते हो लेकिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक स्वच्छता की चाहे जितनी भी पाठशाला खोली गई हो लेकिन इन पाठशालाओं में देश के लोग स्वच्छता का ककहरा भी नहीं सीख सकते हैं यह एक ऐसा सत्य है जिसे स्वीकार करने का साहस तक हममें नहीं है। बीते कल एक समाचार आया कि उत्तराखंड के हरिद्वार जिसे हम अक्सर धर्म नगरी के नाम से संबोधित करते हैं स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में गंगा टाउन श्रेणी शहरों में पहले स्थान पर आया है। राज्य के नगर विकास मंत्री प्रेमचंद्र को इसके लिए राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कार प्रदान किए जाने की तस्वीरें शायद आपने टीवी पर देखी हो। इस सर्वे के नतीजे और इसके लिए दिए गए पुरस्कार पर हर उस आदमी को जरूर थोड़ी सी हैरानगी हुई होगी जो कभी हरिद्वार गया होगा या हरिद्वार घुमा होगा। मीडिया में यह खबर जिन शीर्षको से छपी है वह है 'सबसे गंदा शहर सबसे साफ, दरअसल ऐसे चमत्कार सिर्फ भारत में ही संभव है जहां झूठ को भी सच साबित कर दिया जाता है। और कागजों में जो सबसे काला होता है उसे सबसे सफेद और जो सफेद होता है उसे सबसे काला साबित कर दिया जाता है। अभी स्मार्ट सिटी योजना पर आए एक सर्वे में देहरादून को भी अच्छी रैंकिंग मिली थी जिसकी बदहाली के समाचार आप आए दिन पढ़ रहे होंगे। केंद्र की मोदी सरकार ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत देश को खुले में शौच से मुक्त बनाने के लिए अरबों रुपया खर्च किया गया है शायद सरकारी कागजों में भारत खुले में शौच से मुक्त भी हो चुका है लेकिन अगर आप भारतीय हैं तो अवश्य ही इस सच को जानते होंगे कि भारत खुले में शौच से कितना मुक्त हो सका है। अभी इत्तेफाक से हमें कांवड़ मेले के दौरान हरिद्वार जाने का मौका मिला। हर की पैड़ी से शॉर्टकट की तलाश में हाईवे तक आने के लिए खुद को तैयार किया लेकिन यह आधा किलोमीटर का सफर जीवन भर याद रखने लायक था कि गंगा घाट से सटे मैदानों में मल भरा पड़ा था और पैर रखने के लिए भी जगह नहीं थी। राजधानी देहरादून के घंटाघर की भी बात हम आपसे कर लेते हैं जहां सुबह सवेरे दिहाड़ी मजदूरों का मेला लगता है सड़क और सड़क किनारे आपको सिर्फ थूक और पान मसालों की पीक के अलावा कुछ नहीं मिलेगा अगर देखभाल कर पैर नहीं रखा तो थूक और कफ पैरों में न लगे यह हो ही नहीं सकता। गनीमत है कि हम भारत में रह रहे हैं जहां हमें कहीं भी मल-मूत्र त्यागने और थूकने से लेकर किसी भी तरह की गंदगी फैलाने की खुली छूट है। किसी पश्चिम देश में रह रहे होते तो न जाने कितनी बार हवालात की हवा खानी पड़ती। देश के लोग गंदगी फैला कर और गंदगी में रहकर खुश हैं तथा देश के नेता साल में एक बार हाथों में झाड़ू लेकर सड़क पर सफाई करने की फोटो खिंचवा कर खुश होते हैं रही बात स्वच्छता की और स्वच्छता सम्मानों की उससे क्या होता है, हो तो भी ठीक और न हो तो भी ठीक।

# निगम क्षेत्र में वैंडिंग जोन बनाये जाने की मांग

नगर संवाददाता

देहरादून। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लाल चंद शर्मा नें पत्र के माध्यम से मेयर नगर निगम देहरादून को नगर निगम की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए पत्र महानगर महामंत्री नीरज नेगी द्वारा मेयर देहरादून को सौंपा गया।

पत्र के माध्यम से लाल चंद शर्मा नें कहा कि नगर निगम की ओर से वार्डों में स्मार्ट वेंडिंग जोन बनाए जाने का निर्णय लिया गया था। जिसके क्रम में छह नंबर पुलिया में पहला स्मार्ट वेंडिंग जोन बना। लेकिन उसके बाद और नए स्मार्ट वेंडिंग जोन नहीं बने। वेंडिंग जोन बनने से जहां निगम की आय होती तो वहीं जरूरतमंद को रोजगार मिलता। उन्होने कहा कि नगर निगम ने कई जगह वेंडिंग जोन के लिए स्थान तलाशे थे। जिसका पुलिस के साथ सर्वे भी हो गया था। लेकिन अभी बात आगे नहीं बढ़ी है।

उन्होने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि नेहरू कालोनी, धर्मपुर, कारगी, पटेलनगर, निरंजनपुर, पण्डितवाड़ी, कांवली रोड, बल्लूपुर, राजेंद्रनगर, गोविंदगढ़, वसंत विहार, इंद्रा नगर, राजपुर, सहस्त्रधारा रोड, जाखन आदि जगह में वेंडिंग जोन बनाए जाएं। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को सुरक्षित काम करने का अवसर मिल सके। कांग्रेस का कहना है स्थानीय लोगों को ही वेंडिंग जोन में जगह दी जाए। उन्होने कहा कि देखा गया है एक व्यक्ति की तीन चार फल सब्जी को ठेली होती है, इसलिए परिवार में एक ही सदस्य को वेंडिंग जोन में जगह दी जाए। वेंडिंग जोन के लिय लाइसेंस और मानक जरूरी किया जाए।

# बच्चों में बचपन से ही विकसित करें पैसों के बचत की आदत



बच्चों को सही दिशा देने की शुरुआत बचपन से ही कर दी जाती हैं क्योंकि कहते हैं बचपन से ही बच्चों में जो आदत डाली जाती है उसके परिणाम बड़े होते बच्चों में अपने आप दिखने लगते हैं। ऐसा ही जिंदगी का एक सबक हैं पैसों की बचत जो आदत बचपन में ही विकसित हो जानी चाहिए। हमें बचपन से बच्चे को फिजूल खर्च और बचत में अंतर बताना चाहिए। पैसे की अहमियत का पता होना बहुत जरूरी हैं अन्यथा लापरवाही उनके भविष्य को बिगाड़ सकती हैं। आप उन्हें थोड़ी जानकारी देंगे और बचत के बारे में समझाएंगे तो आने वाले समय में उनके लिए यह एक बेहतर समय लाएगा। आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह बच्चों में बचपन से ही पैसों के बचत की आदत विकसित की जाए। आइये जानते हैं इनके बारे में...

जरूरत और चाहत में अंतर बताए

बच्चों को पैसों की बचत की वैल्यू बताने का पहला स्टेप है कि आप उन्हें जरूरत और चाहत के बीच फर्क करने में मदद करें। उसे बताएं कि खाने, घर, कपड़े, सेहत और पढ़ाई, ये सब उसकी मूलभूत जरूरते हैं और मूवी की टिकट, चॉकलेट, साइकिल या स्मार्टफोन उसकी चाहत है। आप एक लिस्ट बनाकर उसे दिखाएं कि किस तरह पहले जरूरत और फिर चाहत को पूरा करने पर पैसे खर्च करने हैं।

गुल्लक लाकर दें

बच्चों में बचपन से बचत की आदत डालने का सबसे अच्छा तरीका है गुल्लक या पिगी बैंक। आप अपने बच्चे को उसके पसंदीदा कार्टून करैक्टर का गुल्लक खरीद कर गिफ्ट कर सकते हैं और उसे समझा सकते हैं कि मेहमानों, दादा, दादी, नानी, नाना या फिर आपकी तरफ से जो जेब खर्च उन्हें मिलता है, उसका कुछ हिस्सा गुल्लक में डालें। गुल्लक में पैसे इकट्ठा करने की आदत उनकी बचत करने की आदत बन सकती है।

मेहनत करना बताएं

किसी भी बच्चे को ये शायद ही पता हो कि पैसा कमाना कितना मुश्किल और मेहनत भरा काम होता है। तो बच्चे को पैसों का मोल समझाने के लिए जरूरी है कि उसे यह बताएं कि पैसा कितनी मेहनत से कमाया जा रहा है। इसके लिए आपको बच्चे को कहीं बाहर नहीं भेजना है बल्कि उससे घर के ही कुछ काम करवाएं और उसके बदले में उसे कुछ पैसे दें। इससे बच्चे को समझ आएगा कि पैसा किस तरह मेहनत कर के कमाया जाता है और उसकी कितनी अहमियत है।

जगाएं सेविंग इंट्रेस्ट

हर बैंक सेविंग पर कुछ न कुछ इंट्रेस्ट देता है। ऐसे में माता-पिता भी बच्चों के पिगी बैंक में जमा पैसों पर अपनी तरफ से कुछ इंट्रेस्ट दे सकते है। ऐसा करने से बच्चों को पैसे की कीमत समझ आएगी।

हिसाब से दें पॉकेट मनी

बच्चे को हमेशा हिसाब से ही पॉकेट मनी दें। अगर आप उन्हें ज्यादा पॉकेट मनी देते हैं, तो इससे उनमें फिजूलखर्च की आदत पड़ सकती है। जब आप हिसाब से पॉकेट मनी देंगे, तो बच्चा बचत करना सीखेगा।

कोई गोल बनाएं

बच्चों को बस इतना कह दिया जाता है कि उन्हें सेविंग करनी है जबकि ये नहीं समझाया जाता कि उन्हें ये सेविंग क्यों करनी है। अगर आप बच्चे को बचत करने का कारण बताएंगे और उसके लिए कोई सेविंग गोल तैयार करेंगे, तो इससे बच्चे को मोटिवेशन मिलेगी। अपने सेविंग गोल को पूरा करने में आप उसकी मदद भी करें।

प्राथमिकता तय करना सिखाएं

बच्चे को छोटी सी उम्र से ही ये बताएं कि हम जो चाहते हैं, वो सब कुछ खरीदा नहीं जा सकता है। कभी-कभी हमें अपनी जरूरतों और जरूरी चीजों में चुनाव करना पड़ता है, प्राथमिकताएं तय करनी पड़ती हैं।

गलतियों से भी सिखाएं

जब बच्चों के हाथ में पैसे होते हैं तो उन्हें खर्च करने को लेकर वो कुछ गलतियां भी कर बैठते हैं। आपको इन्हीं गलतियों का फायदा उठाना है। उसे बताएं कि कैसे और कहां खर्च कर के उसने गलती है की है और अब उसे किस तरह उस गलती को करने से बचना है। इसमें आप उसकी मदद करें और उसे सही रास्ता दिखाएं।

वित्तीय निर्णय में बच्चों की भी साझेदारी

यदि आप अपने घर में कोई कीमती सामान मंगवा रहे हैं या शॉपिंग पर जा रहे हैं तो उस दौरान आप अपने बच्चों से भी उनकी राय पूछ सकते हैं ऐसे में ना केवल बच्चे वित्तीय निर्णय के प्रति जागरूक बनेंगे बल्कि वह भविष्य में खुद भी बेहद सोच समझकर खर्च करेंगे।

---

शुश्रुवांसा चिदश्विना पुरूण्यभि ब्रह्माणि चक्षाथे ऋषीणाम्।
प्रति प्र यातं वरमा जनायास्मे वामस्तु सुमतिश्चनिष्ठा।।

(ऋग्वेद ७-७०-५)

हे स्त्री पुरुषों ! आप ज्ञान के विद्वानों और उस ज्ञान को व्यवहारिकता में लाने वाले विद्वानों से प्रार्थना करें कि वे तुम्हें दिव्य ज्ञान और उससे जुड़ा हुआ व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करें। वे आपके यज्ञनिक स्थानों पर भी आएं जिससे उनका ज्ञान अन्य मनुष्यों को भी लाभान्वित कर सके।

O men and women ! You should pray to the scholars of knowledge and the scholars who put that knowledge into practice, to give you divine knowledge and the practical knowledge associated with it. They may also come to your Yajnik places so that their knowledge can benefit other human beings as well.

(Rig Veda 7-70-5)

---

# वॉश बेसिन को साफ करने के लिए फॉलो करें ये ट्रिक्स, मिनटों में नया जैसा चमकेगा

अधिकतर परिवार की महिलाओं का समय घर की साफ-सफाई करने में चला जाता है. घर की साफ-सफाई करना कोई आसान काम नहीं है. घर की साफ सफाई करने और घर को सजाने में काफी समय और मेहनत लगती है. हर रोज ब्रश करने या हर समय हाथ धुलने के लिए घर में वॉश बेसिन का इस्तेमाल किया जाता है, जिसके कारण कुछ ही समय में सफेद रंग का वॉश बेसिन जल्द ही पीला पड़ना शुरू हो जाता है. वॉश बेसिन पर टूथपेस्ट और पानी से लगे हुए स्टेन हर रोज रगड़ने पर भी साफ करने मुश्किल हो जाते हैं. आप भी अपने घर के वॉश बेसिन से दाग धब्बों को मिटाना चाहते हैं तो ये शानदार ट्रिक जान लीजिए. घर के वॉश बेसिन को चमकाने के लिए व्हाइट विनेगर एक बेहद सस्ता और जबरदस्त ऑप्शन है.

वॉश बेसिन साफ करने के लिए यूज करें व्हाइट विनेगर

व्हाइट विनेगर यानी सफेद सिरका जिसका इस्तेमाल अधिकतर नूडल्स और सभी फास्ट फूड आइटम्स में किया जाता है. व्हाइट विनेगर फूड आइटम्स में स्वाद बढ़ाने के साथ सफाई करने के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है. व्हाइट विनेगर में बेकिंग सोडा मिलाकर इस्तेमाल करने पर ना केवल वॉश बेसिन चमक उठेगा बल्कि वॉश बेसिन से आने वाली काई और बदबू भी खत्म की जा सकती है.

वॉश बेसिन साफ करने के लिए अपनाएं ये टिप्स

*सबसे पहले वॉश बेसिन में गरम पानी डाल दें.

*गर्म पानी डालने के बाद 2-3 चम्मच बेकिंग सोडा लें.

*इसे वॉश बेसिन पानी की टंकी औरपाइप में डालकर छोड़ दें.

*अब एक गिलास वाइट विनेगर डालकर कम से कम एक घंटे के लिए छोड़ दें.

*एक घंटे बाद वापस थोड़ा गुनगुना पानी डालकर ब्रश से वॉश बेसिन को घिस दें.

*ऐसा करने से चुटकियों में वॉश बेसिन साफ हो सकता है.

# हमरो स्वाभिमान उत्तराखण्ड ने किया आचार्य बालकृष्ण का स्वागत अभिनन्दन

नगर संवाददाता



देहरादून। हमरो स्वाभिमान उत्तराखंड द्वारा आचार्य बाल कृष्ण महाराज का शहीद दुर्गा मल्ल पार्क मे उत्तराखंड के पारंपरिक वाद्य यंत्रों ढोल दमाऊ की थाप और रणसिंघेही की धुन के साथ भव्य स्वागत अभिनंदन किया।

आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी ने पुष्प गुच्छ और माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर दरबार की चुन्नी ओढ़ाकर अभिनंदन स्वागत किया, हमरो स्वाभिमान उत्तराखंड के कार्यकारी अध्यक्ष राजन बसनेत के पावन सानिध्य मे अमर शहीद दुर्गा मल्ल की मूर्ति पर आचार्य बालकृष्ण ने पुष्प माला अर्पित कर दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और अमर शहीद दुर्गा मल्ल के योगदान को याद करते हुए महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जन्म जयंती पर नमन किया। इस अवसर पर कर्नल अशोक अधिकारी, पूजा बस्नेत, सूरज शर्मा, नरेश क्षेत्री, बी पी थापा, हमरो स्वाभिमान के मुख्य केंद्रीय संयोजक मोहन कार्की और अन्य केंद्रीय पदाधिकारी, एडवोकेट तनुज जोशी, साध्वी देवादिति, योग साधिका राधा गेड़ा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# शराब के साथ तीन गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजपुर थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक कार सवार को रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख कार को तेजी से भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही पकड लिया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो कार से एक पेटी शराब बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम जगजीत सिंह पुत्र संतोष सिंह निवासी हटनाला राजपुर बताया। वहीं नेहरू कालोनी थाना पुलिस ने रिस्पना नगर से एक व्यक्ति को 54 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम राजेन्द्र कुमार उर्फ धारी पुत्र चन्द्रिका कुमार निवासी रिस्पना नगर बताया। इसके साथ ही बसंत विहार थाना पुलिस ने संगम विहार पुल के पास से 52 पव्वे शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम सुनील कुमार पुत्र रोशन लाल निवासी गांधी ग्राम बताया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।



# केदारघाट पर किया रुद्राक्ष का पौधरोपण

कार्यालय संवादाता

उत्तरकाशी। स्वच्छता ही सेवा के तहत इस गाँधी जयंती पर स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनकर गँगा विचार मंच उत्तराखंड ने उत्तरकाशी में माँ गँगा के तट पर नमामि गंगे योजना के तहत बने घाट केदारघाट पर स्वच्छता अभियान चलाया व घाट पर रुद्राक्ष का पौधा रोपण किया गया।

गंगा विचार मंच के कार्यकर्ताओं , नगरपालिका के सभासदों, पत्रकारों व सफाई कर्मचारियों ने स्वच्छता कार्य मे बढ चढ़कर हिस्सा लिया।गँगा विचार मंच के प्रांत संयोजक लोकेन्द्रसिंह बिष्ट ने कहा कि सभी देशवासियों को स्वच्छता को अपना मकसद बनाना चाहिये। हम सभी का नैतिक कर्तव्य है कि माँ गँगा जी को उसके मायके गंगोत्री उत्तरकाशी में निर्मल, अविरल और स्वच्छ रखें।। आज के स्वच्छता कार्यक्रम व पौधरोपण में सभासद महाबीर चौहान, देवराज बिष्ट, गँगा प्रहरी गजेंद्र बिष्ट, आलेन्द्र बिष्ट, माधवेन्द्र रावत, पत्रकार बलबीर परमार, राजेश, हेड प्रदीप, जयप्रकाश आदि ने हिस्सा लिया।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एक व्यक्तिमात्र नहीं, वे एक विचारधारा हैः प्रो. उभान

नगर संवाददाता



नरेंद्रनगर। राष्ट्रपिता गांधी जी एक व्यक्तिमात्र नहीं है, वे एक विचारधारा है, एक पूरा संस्थान हैं, जिसमें छोटे बड़े सभी के लिए उपयोगी एवं आत्मसात करने योग्य विचार हैं, जो कि आज भी प्रासंगिक हैं। इन्हीं आदर्शों के द्वारा, गांधी जी ने हमें त्याग, प्रेम और सहनशीलता एवं दृढ़ निश्चयता के मार्ग पर चलते हुए स्वतंत्रता दिलाई। वर्तमान में गांधीजी और शास्त्रीजी के इन आदर्शों को जानने के साथ–साथ इन पर चलने की आवश्यकता है।

उक्त बातें प्रोफेसर राजेश कुमार उभान, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय ने गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने स्वावलंबन के सिद्धान्त, धर्म निरपेक्षता के सिद्धान्त पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ की गयी जिसके पश्चात लाल बहादुर शास्त्री एवं महात्मा गांधी के चित्रों पर पुष्पांजलि दी गई। डॉ जितेंद्र नौटियाल ने गांधी जी के आजादी के महासंग्राम में उनके नेतृत्व पर प्रकाश डालते हुए उनके सत्य अहिंसा, सर्वोदय, श्रम, स्वावलंबन आदि सिद्धातों की चर्चा की। इसके साथ ही लाल बहादुर शास्त्री के जीवन वृत और कार्यो का वर्णन किया। उन्होंने आज के दिन ही हुए खटीमा कांड के शहीदों को भी श्रद्धान्जलि दी। इस अवसर पर डॉ राजपाल रावत ने गांधीजी एवं शास्त्रीजी द्वारा देश की नि:स्वार्थ सेवा और कुर्बानी को हमेशा ही अनुकरणीय बताया। इस अवसर पर मुनींद्र कुमार ने स्वरचित कविता का पाठ किया।

## ❑गांधी जयंती पर राजकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रम में राम धुन, वैष्णव जन और साबरमती के संत का गान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया । परिसर क्षेत्र में उगी लेन्टाना बिच्छु घास व अन्य झाड़ियों की कटाई की गई। इस मौके पर पत्रकारिता विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में आयोजन समिति को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

कार्यक्रम में डॉ सपना कश्यप, डॉ उमेश चंद मैठाणी, डॉ संजय सिंह, डॉ सुधा रानी, डॉ सृचना सचदेवा, डॉ शैलजा रावत, डॉ ज्योति शैली, डॉ नुपूर गर्ग,डॉ राकेश कुमार नौटियाल,डॉ देवेंद्र कुमार, राजेन्द्र सिंह बिष्ट, लक्ष्मी कठैत, बबीता भट्ट, गिरीश जोशी, रमेश पुंडीर, संजीव कश्यप, प्रियंका, शीशपाल, शिशुपाल, भूपेंद्र, दीपक लाल शाह, शमशेर सिंह चौहान, विशाल त्यागी, जयेन्द्र, मनीष, एवं अन्य सभी उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर रंगदारी मांगने पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। घर में घुसकर पिस्टल की नोंक पर ढाई लाख की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशविला रोड निवासी महिला ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि विजय कालोनी निवासी शिवम उर्फ सोना पुत्र नरेश उसके घर में घुस आया और उसके बेटे के सिर पर पिस्टल रखकर उससे ढाई लाख रूपये की मांग करने लगा उसके बेटे ने जब उसका विरोध किया तो उसने उसके बेटे के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

# दून पुलिस ने मनाई महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती

हमारे संवाददाता

देहरादून। विश्व को सत्य और अहिंसा का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आज एसएसपी देहरादून दलीप सिंह कुँवर द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अधीनस्थ पुलिस बल को गांधीजी के आदर्शों सत्य, अहिंसा के मार्ग पर प्रशस्त रहते हुए अपने कर्तव्यों (ड्यूटी) का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान पुलिस लाइन देहरादून में नियुक्त स्वछको को उत्साहवर्धन के लिए उन्हें कंबल वितरित किये गए।

इसके अतिरिक्त पुलिस कार्यालय तथा समस्त थाना/चौकी/शाखाओं पर सम्बन्धित प्रभारियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनकी प्रतिमाओ का अनावरण कर उन पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए गए, साथ ही पुलिस बल को सत्य एवं अहिंसा की शपथ दिलाई गई।

# बंद सफल होने पर दी राज्य की जनता को दी बधाई

नगर संवाददाता

देहरादून। चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षक और कांग्रेस के उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने उत्तराखंड की जनता को अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर आयोजित आज के उत्तराखंड बंद को सफल बनाए जाने पर बधाई दी है। धीरेंद्र प्रताप आज दिल्ली के जंतर मंतर पर उत्तराखंड बंद के अवसर पर आयोजित काला दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर उन्होने कहा कि उत्तराखंडी मर जाएंगे मिट जाएंगे लेकिन उत्तराखंड को थाईलैंड नहीं बनने देंगे। उन्होंने अंकिता भंडारी हत्याकांड के दोषियों को फांसी की सजा दिए जाने की मांग की और मुजफ्फरनगर कांड के 28 साल बाद भी दोषियों को सजा न मिलने के लिए राज्य के राजनीतिक दलों को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा राजनीतिक नेताओं की कमजोर इच्छाशक्ति के कारण और देश की लचर कानून व्यवस्था के कारण 28 साल बाद भी मुजफ्फरनगर कांड के दोषी छुट्टा घूम रहे हैं।

उन्होंने राज्य में भाजपा सरकार के कार्यकाल में नैतिकता के आधार पर संस्कृति विकसित न किए जाने के स्थान पर 'मसाज कल्चर' को बढ़ावा दिए जाने का आरोप लगाया ।

उन्होंने उत्तराखंडियो से आह्वान किया कि अच्छे चरित्र वाले राजनीतिक कार्यकर्ताओं को आगे लाएं और टिकट खरीदकर जो लोग चुनाव लड़ते हैं, उनका बहिष्कार करें। उन्होंने अंकिता भंडारी हत्याकांड में लिप्त राजनेताओं का पर्दाफाश किए जाने और उन्हें दंडित किए जाने की मांग की । राज्य आंदोलनकारी खुशहाल सिंह बिष्ट के संचालन में हुई जंतर मंतर की सभा को हरिपाल रावत, प्रताप शाही ,रामप्रसाद भदूला ,रोशनी चमोली, प्रेमा धोनी, दीपिका नयाल, बिट्टू उपरेती ,दाताराम चमोली प्रताप थलवाल, हरीश अवस्थी, मनमोहन शाह सहित अनेक राज्य आंदोलनकारियों ने इस मौके पर भाजपा सरकार में हो रहे भर्ती घोटाला महंगाई बेरोजगारी और कानून व्यवस्था को निशाना बनाते हुए सरकार की विफलता का जिक्र किया और अंकिता अंकिता भंडारी की जघन्य हत्या के दोषियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा दिए जाने की मांग की। उन्होंने मुजफ्फरनगर कांड के दोषियों को 28 साल बाद भी सजा न मिलने पर रोष जताया और उत्तराखंड बंद को राज्य की एक करोड़ जनता की अभिव्यक्ति की आवाज बताया। उन्होंने इस मौके पर सरकार विरोधी नारे लगाए।

# 300 टिन लीसा सहित तस्कर गिरफ्तार




हमारे संवाददाता

अल्मोड़ा। लीसा तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को पुलिस ने 300 टिन लीसा सहित गिरफ्तार कर लिया है। बरामद लीसे की कीमत 9 लाख रूपये बतायी जा रही है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना सोमेश्वर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ लीसा तस्कर लीसे की तस्करी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान मनान के पास बामनीगाड़ रोड से आ रहे एक संदिग्ध कैंटर को रोककर चैक किया गया तो चालक पूरन सिंह पुत्र भ्यूराज सिंह, निवासी गजार कस्यालेख, थाना मुक्तेश्वर, जिला नैनीताल के कब्जे से 300 टिन अवैध लीसा बरामद हुआ। जिसकी कीमत लगभग 9,00,000 रुपये आंकी गयी है।

पुलिस के अनुसार चालक पूरन सिंह उक्त अवैध लीसे को बामनीगाड़ क्षेत्र से इक्ट्ठा करके अधिक लाभ कमाने के लिए बेचने हेतु हल्द्वानी ले जा रहा था जो चैंकिग के दौरान गिरफ्त में आ गया।

# दुर्गाबाडी सोसायटी द्वारा दुर्गा पूजन का आयोजन

संवाददाता

देहरादून। बंगविधि दुर्गाबाडी सोसाइटी के द्वारा प्रत्येक वर्षो की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजन का आयोजन किया गया।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए बंगविधि दुर्गाबाड़ी सोसाइटी के अध्यक्ष मेघनाथ मण्डल ने बताया कि पाँच दिवसीय भव्य दुर्गा पूजा दूसरे दिन अन्य वस्त्रों के साथ नृत्य एवं भजन संध्या का आयोजन सर्राफा बाजार धामावाला, देहरादून द्वारा किया गया और ढोल नगारा और अलग-अलग वस्त्रों से सजे बंगाली समाज के लोग अपने नृत्य का प्रस्तुति करेंगे। उन्होंने बताया कि आज बंगाल समाज के दुर्गा पूजा महोत्सव में हमने पांच दिवसीय दुर्गा पूजा का आयोजन बड़े धूमध ाम से किया किया जा रहा है। इसमें मुख्य अतिथि पार्षद नीनू सहगल मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि बंगविधि दुर्गाबाडी सोसाइटी द्वारा विगत 6 वर्षो से लाला कल्लूमल धर्मशाला राजारोड देहरादून पर दुर्गा पूजा उत्सव होता रहा है। इस वर्ष भी 5 दिवसीय (1 अक्टूबर से 5 अक्टूबर) भव्य दुर्गापूजा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 6 वर्ष से मूर्तिकार पुजारी एवं पारम्परिक वाद्य यंत्र कलाकार भी दिल्ली, कलकत्ता, मुम्बई, गुजरात, छत्तीगढ़ समय समय पर आते रहे हैं। अब की बार भी पूजा पंडाल व मूर्ति कलकत्ता के कलाकारों द्वारा सजाया गया है जहां सुबह-शाम विधि विधान के साथ पूजा आरती व दिन में सामाजिक कार्यक्रम, बच्चों की विभिन्न प्रतियोगितायें की जायेगी। वहीं सांय काल मे देश के विभिन्न क्षेत्र जैसे दिल्ली, गुजरात कलकत्ता के जाने-माने कलाकारों के द्वारा धार्मिक प्रस्तुतियाएं होंगी जिसमे भजन गायन गरबा नृत्य, धुनाची नृत्य व डांडिया नृत्य के नामी कालाकारों द्वारा प्रस्तुती दी जायेगी। इसी के साथ हर वर्ष की तरह सामाजिक एवं धार्मिक कार्यकर्ता एवं प्रदेश के मंत्रियों की उपस्थिति में पूजा पंडाल की शोभा बढायेंगे। सोसाइटी के अध्यक्ष मेघनाथ मण्डल, सचिव गणेश बेरा, उपाध्यक्ष निर्मल मण्डल, सूजन घोष, संदीप मण्डल, तपन मण्डल, शुभंकर मन्ना, तुहीन हलदारे, तपन मायती, कल्याण चक्रवर्ती, कल्याण मण्डल, संजय सामान्ता, गोपाल मण्डल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

**वैधानिक सूचना**

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# स्वास्थ्य के लिए बहुत गुणकारी है थाइम!



अजवायन के फूल या गार्डन थाइम एक अनोखी सुगंध से युक्त हर्ब है, जिसका इस्तेमाल तरह-तरह के व्यंजनों के साथ एक औषधी के रूप में किया जा सकता है। इसकी खासियत है कि यह बायोएक्टिव प्लांट कंपाउंड्स और एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, इसलिए यह स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। हो सकता है कि कई लोगों को इसके बारे में न पता हो, इसलिए आज हम इस लेख में बताने जा रहे हैं कि थाइम के इस्तेमाल से क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।

एक शोध के अनुसार, थाइम मुंहासों से राहत दिला सकता है। दरअसल, इसमें एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-सेप्टिक, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लड़ने में मदद कर सकते हैं। वहीं, इसमें खास फैटी एसिड भी मौजूद होते हैं, जो मुंहासों के प्रभाव को कम करने में मदद कर सकते हैं। समस्या से राहत पाने के लिए थाइम युक्त स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें।

सर्दी और खांसी का इलाज करने में है सक्षम

एंटी-बायोटिक और एंटी-सेप्टिक गुणों से भरपूर थाइम सर्दी और खांसी के लिए एक बेहतरीन प्राकृतिक उपचार है। यही नहीं, इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी मौजूद होते हैं, जो गले के खराश और ब्रोंकाइटिस के इलाज में मदद करता है। 2006 के एक अध्ययन के अनुसार, थाइम के फूल और आइवी की पत्तियों का मिश्रण खांसी और ब्रोंकाइटिस के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है।

बालों के विकास को बढ़ावा में है मददगार

थाइम स्कैल्प के ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करने में मदद करता है, जिससे बालों के विकास को बढ़ावा मिलता है। एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर थाइम बालों के झड़ने और बालों को कमजोरी होने से भी बचाते हैं। इसके अतिरिक्त, इससे रूसी और खुजली जैसी समस्याएं भी खत्म होती हैं। अगर आप बालों संबंधित समस्याओं से राहत चाहते हैं तो थाइम के तेल और लैवेंडर ऑयल को मिलाकर सिर पर लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें।

हड्डियों को स्वस्थ रखने में है कारगर

विटामिन-के, आयरन, मैंगनीज और कैल्शियम से भरपूर थाइम हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों से बचाने में कारगर है। थाइम में मौजूद गुण हड्डी के फ्रैक्चर के जोखिम को भी कम करते हैं। एक अध्ययन के अनुसार, जिन महिलाओं ने रोजाना 1,000 मिलीग्राम थाइम का सेवन किया, उन्होंने कैल्शियम या विटामिन-डी3 सप्लीमेंट की तुलना में बेहतर बोन मिनरल डेंसिटी का अनुभव किया।

हाई ब्लड प्रेशर को कम करने में है सहायक

थाइम हृदय गति को नियंत्रित करने और हाई ब्लड प्रेशर के स्तर को कम करने में भी प्रभावी है। यह सूजन से भी बचाता है और शरीर के ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करता है, जिससे हृदय रोगों का खतरा कम होता है। 2014 के एक अध्ययन के अनुसार, थाइम का अर्क हाई ब्लड प्रेशर वाले चूहों में हृदय गति को कम करने में सक्षम रहा। स्वस्थ हृदय के लिए आप रोजाना थाइम की चाय का सेवन करें। (आरएनएस)

# मैं चाहती हूं की थोर इस कौर पे भी थोड़ा ध्यान दे: शहनाज गिल

अभिनेत्री और बिग बॉस 13 की पूर्व सनसनी शहनाज गिल चाहती हैं कि नॉर्स देवता थोर उन पर थोड़ा ध्यान दें।

अपने वर्कआउट को आगे बढ़ाते हुए, गिल, एक वीडियो में, नताली पोर्टमैन की तरह दिखने के लिए कसरत के नियमों की नई शैलियों की कोशिश करते हुए दिखाई दे रही है, जो फिल्म थॉर: लव एंड थंडर में थोर की प्रेम रुचि जेन फोस्टर की भूमिका निभाती है। गिल ने कहा, मैं चाहती हूं की थोर इस कौर पे भी थोड़ा ध्यान दे! तो मैं भी नताली पोर्टमैन जैसे कोई वर्कआउट-शर्कआउट कर ही लेती हूं (मैं चाहती हूं कि थोर इस कौर पर थोड़ा ध्यान दें। इसलिए, मैं नताली पोर्टमैन की तरह काम करना शुरू कर दूंगी)।

यह स्वीकार करते हुए कि फिल्म रोमांस, कॉमेडी और एक्शन के साथ एक चौतरफा मनोरंजन है, शहनाज ने कहा, थोर सुपरहीरो ही नहीं, वो थंडर का भगवान भी है! बाय गॉड! शहनाज ने यह भी कहा कि थोर उनसे ज्यादा मजेदार है।

गिल ने कहा, और उसकी कॉमेडी उफ्फ! मेरे से भी ज्यादा मजेदार है बंदा। हसा हसा के ने उन्होंने पेट दुखा दिया है।

यह फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 8 सितंबर को रिलीज हुई थी।

## शब्द सामर्थ्य -88

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 87 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

# पोन्नियिन सेल्वन ने दुनियाभर में बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ से भी ज्यादा का कलेक्शन किया

मुंबई। ऐश्वर्या राय बच्चन की फिल्म पोन्नियिन सेल्वन रिलीज के पहले ही दिन से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। पहले दो दिन फिल्म ने धुआंधार कमाई करने के बाद रिलीज के तीसरे दिन रविवार को भी बॉक्स ऑफिस पर अपने ताबड़तोड़ कलेक्शन को बरकरार रखा और फिल्म ने इतनी कमाई कर ली कि किसी ने इसके बारे में सोचा तक नहीं था। मणिरत्नम के निर्देशन में बनी



फिल्म पोन्नियिन सेल्वन ने तीसरे दिन लगभग 40 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। इस तरीके से फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगातार तीसरे दिन भी अपना सिक्का जमाए रखा। बॉलीवुड और साउथ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने कलाकारों से सजी फिल्म पोन्नियिन सेल्वन को हिंदी भाषी दर्शकों ने भी खूब पसंद किया है। साथ ही दक्षिण भारत में तो इस फिल्म का दर्शकों पर जबरदस्त जादू देखने के लिए मिल रहा है। फिल्म को मिल रही जबरदस्त प्रतिक्रिया का ही परिणाम है कि पहले दो दिनों में ही मणिरत्नम की फिल्म ने दुनियाभर में बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ रुपये से भी ज्यादा का कलेक्शन कर लिया था। पोन्नियिन सेल्वन में ऐश्वर्या राय बच्चन के अलावा चियान विक्रम, जयराम रवि, तृषा कृष्णन, कार्ति, ऐश्वर्या लक्ष्मी और शोभिता धुलीपाला भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। ऐश्वर्या राय के लिए यह मूवी कुछ ज्यादा ही महत्व रखती है, क्योंकि उन्होंने इसके जरिए लंबे अरसे के बाद बड़े पर्दे पर वापसी की है।

# पूजा करने गए छात्रा की मिली खून से लथपथ लाश

ग्वालियर। सोमवार की सुबह गोल पहाड़िया स्थित मंदिर में पूजा करने गए सीए के छात्र की खून से लथपथ लाश मिली है। सुबह सवेरे छात्र मंदिर में पूजा करने के लिए गया था। जब वह वापस नहीं लौटा तो छात्र का भाई मंदिर में पहुंचा जहां छात्र की खून से लथपथ लाश मिली है। मृतक के परिजन इसे हत्या बता रहे हैं। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। अमर रजक गोल पहाड़िया पर रहता था। अमर रजक सोमवार की सुबह गोल पहाड़िया पर स्थित शिव मंदिर में पूजा करने के लिए गया था लेकिन फिर वापस नहीं लौटा। अमर का भाई जब उसे ढूंढते हुए मंदिर पहुंचा तो अमर की लाश खून से लथपथ मिली। अमर जिस शिव मंदिर में पूजा करने गया था वह शिव मंदिर पुलिस चौकी के सामने ही स्थित है। खून से लथपथ अमर के चेहरे पर चोट का निशान भी मिला है। इसी चोट को देखकर उसके परिजन अमर की मौत को हत्या बता रहे हैं। अमर के परिजनों का आरोप है कि किसी ने अमर की हत्या कर दी है। अमर की मौत की जानकारी जैसे ही जनक गंज थाना पुलिस को मिली तो पुलिस भी शिव मंदिर पहुंच गई। यहां पुलिस ने मौका मुआयना किया। इस मामले में फिलहाल जनकगंज थाना प्रभारी आलोक परिहार का कहना है कि अमर मंदिर में घायल अवस्था में मिला था जिसे अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है, यह हत्या है या दुर्घटना है फिलहाल कुछ भी कहना मुश्किल है, जांच के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# राहतः देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 3,011 नए मामले दर्ज

नई दिल्ली। भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 3,011 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,45,97,498 हो गई, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 36,126 रह गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 28 और लोगों की मौत होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 5,28,701 पर पहुंच गई है। इन 28 मामलों में वे 20 लोग भी शामिल हैं, जिनके नाम संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुन:मिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से जान गंवाने वाले मरीजों की सूची में जोड़े हैं। आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना वायरस संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 36,126 रह गई है, जो कुल मामलों का 0.8 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 1,318 की कमी दर्ज की गई है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.73 प्रतिशत हो गई है। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

# 200 महिलाओं के साथ ऐक्शन सीन शूट कर रहे शाहरुख खान



शाहरुख खान की रेड चिलीज एंटरटेनमेंट ने इस साल जून में फिल्म जवान का ऐलान किया था। इसके बाद जब टीजर में शाहरुख का लुक शेयर किया गया तो हर तरफ फिल्म की चर्चा होने लगी। यह एक ऐक्शन फिल्म है जिसमें शाहरुख गैंगस्टर का किरदार निभाएंगे। लंबे समय बाद पर्दे पर शाहरुख का ऐक्शन देखने को मिलेगा। अब खबर है कि शाहरुख चेन्नई में करीब २०० महिलाओं के साथ एक ऐक्शन सीक्वेंस की शूटिंग कर रहे हैं। शानदार सेट के अलावा इस सीन की खास बात ये है कि इसमें शाहरुख के साथ करीब २००-२५० महिलाएं नजर आएंगी। इस ऐक्शन सीन के बाद शाहरुख यहां फिल्म के अन्य जरूरी हिस्सों की तीन हफ्तों तक शूटिंग करेंगे।

चर्चा है कि फिल्म में शाहरुख डबल रोल में होंगे। एक किरदार गैंगस्टर का है तो वहीं दूसरा किरदार रॉ अधिकारी का है। दो किरदार निभाने के लिए शाहरुख को प्रोस्थेटिक्स से तैयार किया जाएगा। इसके पहले शाहरुख ने फिल्म डॉन में दो भूमिका निभाई थी। बता दें, फिल्म की फीमेल लीड नयनतारा भी एक जांच अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म अगले साल 2 जून को पर्दे पर रिलीज होगी।

हाल ही में रिलीज हुई फिल्म ब्रह्मास्त्र में शाहरुख का कैमियो काफी चर्चा में है। फिल्म में शाहरुख थोड़ी देर के लिए ही नजर आए लेकिन उनकी उपस्थिति ने दर्शकों को दिल जीत लिया। फिल्म देखने के बाद दर्शक शाहरुख के किरदार वानरास्त्र पर अलग फिल्म की मांग कर रहे हैं। वहीं कुछ लोगों का यह भी कहना है कि बॉलीवुड को एसआरके की जरूरत है। इससे पहले शाहरुख ने माधनव की फिल्म रॉकेट्री में भी कैमियो किया था।

शाहरुख का कैमियो देखने के बाद अब प्रशंसकों को उनकी अपनी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार है। शाहरुख की फिल्म पठान अगले साल जनवरी में पर्दे पर रिलीज होगी। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इसके बाद जून में जवान तो दिसंबर में उनकी फिल्म डंकी रिलीज होगी। राजकुमार हिरानी की इस फिल्म में शाहरुख के साथ तापनी पन्नू मुख्य किरदार निभाएंगी। इस फिल्म में पहली बार शाहरुख और तापसी स्क्रीन शेयर करते दिखेंगे। बीते दिनों वरुण धवन की फिल्म बवाल का भी एक ऐक्शन सीन चर्चा में था। वरुण ने यूरोप में इस ऐक्शन सीन की शूटिंग की थी। दस दिन के इस सीक्वेंस को फिल्माने में करीब ढाई करोड़ रुपये प्रतिदिन का खर्च था।

# जामतारा 2 एक रोमांचक सीरीज होगी : मोनिका पंवार



क्राइम ड्रामा जामताड़ा के दूसरे सीजन के लिए तैयार अभिनेत्री मोनिका पंवार ने कहा कि आने वाला सीजन दर्शकों के लिए काफी रोमांचकारी होगा। उसका कैरेक्टर एक भयंकर शक्ति के रूप में उभरेगा और उस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा।

किरदार को लेकर बात करते हुए मोनिका ने साझा किया, पिछला सीजन गुड़िया को अपनी जमीन खोजने के बारे में था, यह सीजन उसके लिए अस्तित्व की अंतिम लड़ाई होगी।

एक कलाकार के रूप में मुझे चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने में मजा आता है जो मुझे अनुमति देती है विभिन्न भावनाओं का अनुभव करने के लिए।

वह अपने निर्देशक को उनसे काम निकलवाने के लिए सराहना की। मैं इस रास्ते पर नहीं चल पाती अगर सौमेंद्र पाधी निर्देशक नहीं होते। वह एक उत्कृष्ट शिक्षक हैं। एक अभिनेत्री के रूप में, उनके साथ काम करना एक बहुत ही समृद्ध अनुभव था।

उन्होंने हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन किया क्योंकि गुड़िया का कैरेक्टर विकसित होता रहा।जामतारा 2 फिशिंग की दुनिया को बड़े दांवों और बड़े खतरों के साथ और अधिक खुलेगा। विश्वासघात, राजनीति और सत्ता की एक अमिट प्यास के साथ गतिशीलता में बदलाव के साथ कहानी बुनी जाएगी। नए खिलाड़ी खेल में जुड़ेंगे। जामतारा 2 23 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई थी।

# अगले साल की शुरुआत में रिलीज हो सकती है गदर 2!

अभिनेता सनी देओल अपनी सस्पेंस थ्रिलर फिल्म चुप को लेकर चर्चा में हैं। इसी बीच उन्होंने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म गदर 2 की रिलीज को लेकर अहम जानकारी शेयर की है। उन्होंने बताया कि यह फिल्म अगले साल की शुरुआत में रिलीज हो सकती है।

सनी ने गदर 2 की रिलीज से जुड़ी जानकारी दी है। उन्हें इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा, मैं फिल्म को लेकर काफी आश्वस्त हूं। मैं जिनसे भी मिलता हूं, वे कुछ ना कुछ देखना चाहते हैं और हम उन्हें वही चीजें गदर 2 में दे रहे हैं। हम अक्टूबर में फिर से शूटिंग शुरू करने वाले हैं और दिसंबर तक इसे पूरा करेंगे। फिल्म २०23 की शुरुआत में रिलीज होगी।

एक रिपोर्ट में बताया गया था कि गदर 2 में अपनी प्रेमिका को वापस लाने के लिए नहीं, बल्कि अपने बेटे उत्कर्ष के लिए सनी पाकिस्तान कूच करेंगे। उत्कर्ष ने ऑरिजनल फिल्म में सनी के बेटे चरणजीत सिंह का किरदार निभाया था। गदर में सनी तारा सिंह नामक शख्स के किरदार में दिखे थे, जबकि अमीषा पटेल सकीना की भूमिका में नजर आई थीं। फिल्म का निर्देशन फिर से अनिल शर्मा कर रहे हैं।

सनी ने पिछले साल 15 अक्टूबर को दशहरा के मौके पर सोशल मीडिया पर गदर 2 का मोशन पोस्टर रिलीज किया था। इस मोशन पोस्टर को शानदार प्रतिक्रिया मिली थी। पोस्टर के साथ उन्होंने लिखा था, दो दशक के बाद आखिरकार इंतजार खत्म हुआ।

दशहरे के शुभ अवसर पर आपके सामने पेश कर रहा हूं गदर 2 का मोशन पोस्टर। कथा जारी है..। उम्मीद है कि पहले भाग की तरह दूसरे भाग में भी जबरदस्त एक्शन देखने को मिलेगा।

गदर: एक प्रेम कथा एक पीरियड एक्शन ड्रामा है, जिसका निर्देशन अनिल ने किया था। फिल्म में सनी और अमीषा के अलावा अमरीश पुरी दिखे थे। यह फिल्म 1947 में हुए भारत विभाजन की कहानी पर आधारित है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे एक मुस्लिम लड़की और एक पंजाबी लड़के का प्यार सरहदों से परे जाकर अपनी मंजिल चुनता है। फिल्म में अमीषा मुस्लिम लड़की की भूमिका में थीं, जबकि सनी सरदार के किरदार में दिखे थे।

गदर 2 विवादों में भी घिर चुकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग हिमाचल प्रदेश के पालमपुर स्थित भलेड़ गांव में १० दिनों तक हुई। जिस घर में फिल्म को शूट किया गया, उसके मालिक ने निर्माताओं पर धोखाधड़ी के आरोप लगाए थे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

कार्यालय संवाददाता

उत्तरकाशी। सत्य अहिंसा और शांति के पथ प्रदर्शक महात्मा गांधी एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 153वीं जयंती जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिले के राजकीय भवनों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डीएम अभिषेक रुहेला ने महात्मा गांधी एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण कर माल्यार्पण किया। इस दौरान समाजसेवियों एवं अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी गांधी जी व शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में दोनों महापुरुषों को नमन करते हुए कहा कि भारत के इतिहास में आज का दिन बड़ा महत्व रखता है। आज के दिन भारत की दो महान विभूतियों का जन्म हुआ। दोनों विभूतियों ने भारत के इतिहास में बड़ी भूमिका निभाई। उनके जीवन,संघर्ष और आदर्शों से हम सभी साल दर साल प्रेरित होते आएं है। डीएम ने कहा कि दोनों महापुरुषों के जीवन से जितनी भी प्रेरणा ली जाय वह कम है। महान व्यक्तियों का जीवन हमेशा हमारे लिए प्रासंगिक रहा है। उनके आदर्शों एवं नैतिक मूल्यों की आवश्यकता समय के साथ बढ़ती जा रही है। महात्मा गांधी एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी राजनीति क्षेत्र, सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन में हम सबके प्रेरणा के स्रोत बने। उन्होंने हमेशा अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई।

गांधी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी तीर्थपाल सिंह एवं प्रताप सिंह बिष्ट संघर्ष, गंगा विचार मंच के संयोजक लोकेंद्र बिष्ट ने भी गांधी एवं शास्त्री जी के जीवन और संघर्ष पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। पूर्व संध्या पर खेल कार्यक्रम,विद्यालयों,शिक्षण संस्थानों में निबंध,चित्रकला आदि कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने गंगा विचार मंच उत्तराखंड के प्रांत संयोजक लोकेन्द्रसिंह बिष्ट के तत्वाधान में कलेक्ट्रेट परिसर में रुद्राक्ष एवं वेल पत्र की पौध रोपित की। इस दौरान जिलाधिकारी ने रेडक्रॉस से बालिकाओं को हाइजीन किट भी वितरित की। मंच संचालन समाज कल्याण विभाग के गोपाल सिंह राणा ने किया।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी तीर्थपाल सिंह,पर्यावरण प्रेमी प्रताप पोखरियाल, रेडक्रॉस चेयरमैन माधव जोशी,प्रताप बिष्ट संघर्ष, उमेश प्रसाद बहुगुणा सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय समान नागरिक संहिता विशेषज्ञ समिति के सदस्यों ने ग्रामीणों से मिलकर उनके सुझाव सुने




कार्यालय संवाददाता

चमोली। विगत दिवस राज्य स्तरीय समान नागरिक संहिता विशेषज्ञ समिति के सदस्यों ने जनपद चमोली के गोपेश्वर मुख्यालय और जनपद रुद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि में लोगों से मिलकर उनके सुझाव सुने।

चमोली जनपद के मुख्यालय गोपेश्वर में जनसामान्य के साथ बैठक का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। इस बैठक में महिलाओं व युवाओं ने एक समान कानून पर अपने विचार व्यक्त किये। पहाड़ के सम्बन्ध में उनकी इस कानून से अपेक्षायें भी विशेषज्ञ समिति के सामने रखी गयी। माननीय सदस्यों द्वारा समान नागरिक संहिता के विषय में अधिक से अधिक लोगों तक जागरूक करने के लिए भी लोगों से अपील की। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों, महिलाओं व आम जन उपस्थित रहे। माननीय सदस्य श्री शत्रुघ्न सिंह, श्री मनु गौड़ व डॉ सुरेखा डंगवाल ने अमूल्य सुझावों हेतु उपस्थित जनों को धन्यवाद किया।

जनपद रूद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि में विशेषज्ञ समिति के सदस्यों ने क्षेत्र भ्रमण कर लोगों को समान नागरिक संहिता के बारे में जानकारी दी। अगस्त्यमुनि महाविद्यालय के परिसर में लोगों के सुझाव प्राप्त करते हुए यह आशा व्यक्त की गयी कि अधिक से अधिक सुझाव समान नागरिक संहिता बनाने में महत्तवपूर्ण योगदान देंगे। युवाओं द्वारा विवाह, तलाक जैसे सामाजिक मुद्दों पर समिति के सदस्यों से चर्चा की गयी, बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं, शिक्षकों, युवाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

सदस्य शत्रुघ्न सिंह, मनु गौड़ व डॉ सुरेखा डंगवाल के द्वारा जानकारी दी गयी कि क्षेत्र भ्रमण कर राज्य के समस्त क्षेत्रों से प्राप्त होने वाले सुझाव, उन्हें रिपोर्ट तैयार करने में मद्दगार होंगे।

राज्य स्तरीय समान नागरिक संहिता विशेषज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा नागरिकों का पक्ष सुनने के लिए क्षेत्र में भ्रमण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसका उद्देश्य राज्य के दूरस्थ व दुर्गम क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को समान नागरिक संहिता की जानकारी देकर उनके सुझाव प्राप्त करना है।

विशेषतौर से महिलाओं व युवाओं को इसके बारे में बताते हुए विवाह, संरक्षण, तलाक, गोद लेना, सम्पत्ति का अधिकार, आदि पर सुझाव प्राप्त कर तैयार की जाने वाली रिपोर्ट में शामिल करना है।

# नदी किनारे किया वृक्षारोपण



संवाददाता

देहरादून। लाल बहादुर शास्त्री व गांधी जयंती पर क्लीन एण्ड ग्रीन एनवायरमेंट सोसायटी ने वृक्षा रोपण किया।

क्लीन एण्ड ग्रीन एनवायरमेंट सोसायटी द्वारा लाल बहादुर शास्त्री एवं गांधी जयंती के अवसर पर मांडुवाला क्षेत्र में नदी के किनारे किनारे वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर तीन प्रजातियों के 50 से अधिक वृक्षों का रोपण किया गया। लगाए गए वृक्षों में बहेड़ा, बांस, तथा पिलखन के वृक्ष शामिल किए गए। वर्ष 2022 में क्लीन एण्ड ग्रीन एनवायरमेंट सोसायटी द्वारा किया गया यह 13वां वृक्षारोपण अभियान है। झाझरा वन प्रभाग के मांडुवाला क्षेत्र में नदी का मुआयना करने के बाद उक्त स्थान पर वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया गया। नदी के किनारे किनारे वृक्ष लगाने का निर्णय इसलिए भी किया गया ताकि अब मानसून के समाप्त होने के बाद भी नदी किनारे नमी की वजह से वृक्षों को बचाया जा सके और वृक्षों को पानी की कमी महसूस ना होने पाए।

क्लीन एंड ग्रीन एनवायरनमेंट समिति द्वारा ये भी निर्णय लिया गया कि वृक्षारोपण उपरांत समय समय पर उक्त क्षेत्र में जाकर लगाए गए वृक्षों का मुआयना किया जाएगा और यदि वृक्षो को पानी की जरूरत महसूस हुई तो उन्हें पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इस वृक्षारोपण अभियान में समिति के अध्यक्ष राम कपूर, उपाध्यक्ष रंदीप अहलूवालिया, कोषाध्यक्ष शम्भू शुक्ला, सह संयोजक अमित चौधरी, संयोजक, नितिन कुमार, राज, छोटे बच्चों में हृदय कपूर, नमित चौधरी, शिवम शुक्ला तथा रेयांश चौधरी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने अंकिता हत्याकांड को लेकर निकाला कैंडल मार्च, दोषियों को कठोर दण्ड की मांग




कार्यालय संवाददाता


देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के निर्देश पर आज प्रदेशभर में कांग्रेसजनों द्वारा जिला एवं महानगर मुख्यालयों में कैन्डिल मार्च निकाल कर अंकिता भण्डारी की आत्म शांति के लिए प्रार्थना करते हुए हत्याकाण्ड के दोषियों के खिलाफ कठोर दण्ड की मांग की।

इसी कार्यक्रम के तहत आज देहरादून महानगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय, राजीव भवन से गांधी पार्क-घण्टाघर होते हुए पुन: गांधी पार्क तक कैन्डिल मार्च निकाला तथा उसके पश्चात अंकिता भण्डारी को श्रद्धांजलि हेतु सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महानगर कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष डॉ0 जसविन्दर सिंह गोगी ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार में महिलाओं पर अत्याचार की घटनायें लगातार बढती जा रही हैं। है। भाजपा नेता के रिजार्ट में अंकिता भण्डारी के साथ हुई जघन्य अपराध की घटना के उपरान्त जिस प्रकार रातोंरात सबूत नष्ट करने का काम किया गया उससे स्पष्ट होता है कि भाजपा सरकार में अपराधि यों को राज्य सरकार का खुला संरक्षण मिला हुआ है। इस जघन्य हत्याकाण्ड में भाजपा सरकार सबूत नष्ट करने के बाद अपनी पीठ थपथपा रही है। उन्होंने कहा कि इस जघन्य हत्याकाण्ड के सभी दोषियों को कठोर से कठोर दण्ड दिया जाना चाहिए ताकि भविष्य में देवभूमि को शर्मसार नहीं होना पडे।

कैन्डिल मार्च निकालने वालों में महानगर कार्यकारी अध्यक्ष डॉ0 जसविन्दर सिंह गोगी, गरिमा दौसानी,गोदावरी थपली,मनीष नागपाल,महेंद्र गुरु जी,नेता प्रतिपक्ष बिजेंद्र पाल,आशा मनोरमा शर्मा,आशा टम्टा, राजेश चमोली,अमरजीत सिंह ,अनिल बसनैत, सावित्रा थापा,मनमोहन शर्मा,नीरज त्यागी,संदीप चमोली,संजय भारती,सुरेंद्र रावत सोनू,अजीत शर्मा,अभिषेक तिवारी,मोहन कला ,अरुण बलूनी,रोबिन त्यागी ,सोनू हसन,विकास ठाकुर,राकेश ,हरेंद्र बेदी,नवनीत सती, कुंवर सजवान,प्रमोद मुंशी जी, सुलेमान,विकास थापा, आदि उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने भगवान केदारनाथ के दर्शन किये



कार्यालय संवाददाता

केदारनाथ/देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने आज प्रात: बाबा केदारनाथ के दर्शन किये। राज्यपाल आज प्रात: केदारनाथ ध ाम पहुंचे। उन्होंने बाबा केदार के दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने उनको भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया।

इस अवसर पर मंदिर समिति कार्याधिकारी आरसी तिवारी, पुजारी टी. गंगाध र लिंग, सहायक अभियंता गिरीश देवली, केदार सभा अध्यक्ष विनोद शुक्ला, विपिन तिवारी आदि मौजूद रहे।

# चार लोगों के खिलाफ घर में घुसकर जेवरात चोरी करने का मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ घर में घुसकर जेवरात चोरी करने व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ढकरानी निवासी संदीप त्यागी ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि हरबर्टपुर निवासी अनिल धीमान अपने साथ रोहतक हरियाणा निवासी रविन्द्र, सोनू व प्रदीप के साथ उसके घर में घुस आया और उसकी पत्नी के जेवरात व उसके पिता के 25 हजार रूपये उठा लिये जब उसके पिता ने उनका विरोध किया तो उन्होंने लाठी डण्डों से उसके पिता पर हमला कर जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# आचार्य भरत लेखक ने किया नवरात्रि पूजा अनुष्ठान



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। विशेष शारदीय नवरात्रि पूजा अनुष्ठान माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर महादेव देहरादून में आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी के पावन सानिध्य मे आयोजित विशेष शारदीय नवरात्रि पूजा अनुष्ठान में आज विशेष पूजा अर्चना के साथ हरिद्वार से पधारे आचार्य भरत लेखक ने श्री दुर्गा सप्तशती पाठ किया दिन मे भजन कीर्तन आयोजित हुए, सायंकाल में विशेष श्रृंगार और आरती हुई।

अष्टमी के पावन अवसर पर प्रात: 11 बजे से विशेष कन्या पूजन होगा और मंगलवार को पूर्णाहुति और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आज के कार्यक्रम मे एडवोकेट रेखा मित्तल, गीता जोशी, गणेश विजलवांन, हर्षपति रयाल, प्रवेश कुमार , आदि का विशेष सहयोग रहा।

# मुस्कुराएं...! आप स्मार्ट सिटी में हैं

संवाददाता



देहरादून। शहर में गड्ढों में सडक है या सड़क पर गड्ढे हैं इसका किसी को कोई अंदाजा नहीं है लेकिन जैसे ही वाहन का पहिया गडढे में जाता है तो ऐसा महसूस होता है कि मुस्कुरायें... आप स्मार्ट सिटी में हैं।

दून शहर पर्यटकों के आकर्षक का केन्द्र हुआ करता था। दूर-दूर से लोग यहां पर घुमने आते थे तथा यहां का मौसम व आबोहवा लोगों का मन मोह लेता था। लेकिन समय बदला और इसका रूप भी बदलता गया और राज्य बनने के बाद जब इसको अस्थायी राजधानी का नाम दिया गया तो इसका पूरा स्वरूप ही बदल गया। यहां आये दिन जाम की स्थिति बनती चली गयी। बाहरी राज्यों से लोग यहां पर आकर बसने शुरू हो गये। जिससे यहां की जनसंख्या में भी वृद्धि हुई और सडकें वही पुरानी तो जाम तो लगना ही होगा। उसके बाद खाज में कोढ का काम स्मार्ट सिटी के नाम पर कर दिया। प्रदेश सरकार ने दून को दून से बदलकर स्मार्ट सिटी कर दिया। स्मार्ट सिटी के नाम पर होने वाले कामों के चलते यहां पर सडकों का बुरा हाल हो गया जहां देखो वहीं पर गडढे होने शुरू हो गये और लोगों को दुर्घटनाओं से दो चार होना पडता है। स्मार्ट सिटी के नाम पर शहर की जो दुर्दशा हुई है यह यहां पर रहने वालों को ही पता है कि वह कैसे अपने गंतव्य पर जाते हैं और कैसे अपने घर वापस आते है। सरकार व उसके कारिंदों ने स्मार्ट सिटी के नाम पर इस शहर का बुरा हाल कर दिया। शहर के मुख्य मार्ग राजपुर रोड, सहारनपुर रोड, सहस्त्रधारा रोड, रायपुर रोड यह वह मार्ग हैं जहां से वीआईपी का आना जाना रहता है लेकिन इन वीआईपी को भी यहां पर हो रखे गडढे दिखायी नहीं देते हैं। रायपुर रोड पर परेड ग्रउण्ड से जो गडढे शुरू होते हैं वह सहस्त्रधारा क्रासिंग तक रूकने का नाम नहीं लेते है। सहस्त्रधारा क्रासिंग तक वाहनों को गडढों से होकर गुजरना पडता है और उसमें सवार व्यक्ति का शरीर बेदम हो जाता है। अब तो हालत बद से बदत्तर होती चली जा रही है। शहर के मुख्य बाजार पल्टन बाजार की हालत भी घुमने लायक नहीं रह गयी है। पल्टन बाजार में जहां एक समय में लोग खरीदारी करने के लिए घर से निकलते थे लेकिन अब हालत यह हो गयी है कि लोग पल्टन बाजार जाने से भी बचते हैं। शहर कोतवाली से लेकर राजा रोड चौक तक सडक की हालत इतनी बद से बदत्तर हो गयी है कि वहां से गुजरना मुश्किल हो जाता है। जहां एक ओर सडक पूरी तरह से टूटी हुई है वहीं सडक के किनारे गडढे खोद दिये गये है जिससे वहां पर जाम की स्थिति बन जाती है जिससे लोग अब पल्टन बाजार जाने से भी गुरेज करने लगे हैं। यह इस शहर के हालात हो गये है ऊपर से इसको स्मार्ट सिटी बोलकर इसका मजाक उडाया जा रहा है। अब तो हालात यह हो गये हैं कि जैसे ही वाहन का पहिया किसी गडढे में जाता है तो वाहन स्वामी मुस्कुरा देता है कि वह स्मार्ट सिटी में है।

## घर से हजारों की नगदी व मोबाइल चोरी

देहरादून (सं)। घर से दो मोबाइल व हजारों की नगदी चोरी होने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार त्यागी रोड निवासी राकेश नेगी ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि किसी ने उसके घर से दो मोबाइल व उसका पर्स जिसमें 11 हजार रूपये थे चोरी कर लिये हैं।

## प्राचार्य के कक्ष में ताला लगाने के मामले में पांच छात्रों पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। प्राचार्य के कक्ष में ताला लगाकर शिक्षकों को बंधक बनाने के मामले में पांच छात्रों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डीएवी कालेज के प्राचार्य डा. केआर जैन डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि ऋषभ रावत, गौरव तोमर, दयाल सिह बिष्ट, राहुल व नागेन्द्र बिष्ट अपनी मांगों को लेकर उनके कक्ष में घुस आये और उनके कक्ष में बाहर से ताला लगाकर शिक्षकों व कर्मियों को बंधक बनाकर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचायी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# महिला आरक्षण मामले में अध्यादेश ही होगा बेहतर विकल्पः मोर्चा

नगर संवाददाता



विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि राज्य की महिलाओं हेतु प्रावधानित 30 फीसदी क्षैतिज आरक्षण पर उच्च न्यायालय ने रोक लगाई है, जिसको लेकर सरकार पसोपेश में है कि अध्यादेश लाया जाए या शीर्ष न्यायालय में एसएलपी दाखिल की जाए।

उन्होने कहा कि उक्त मामले में मोर्चा सरकार से अपील करता है कि शीर्ष न्यायालय में एसएलपी दाखिल करने के बाद भी सफलता की गुंजाइश कम ही है क्योंकि सिर्फ जी.ओ. के आधार पर न्यायालय में टिक पाना दुष्कर कार्य है। अगर एक्ट बना होता तो लड़ाई मजबूती से लड़ी जा सकती थी, इसलिए अध्यादेश लाकर या विशेष सत्र बुलाकर विधेयक लाया जा सकता है, जिससे राज्य की महिलाओं को त्वरित गति से उनको उनका हक मिल सकता है। उन्होने कहा कि हाल ही में उच्च न्यायालय ने लोक सेवा आयोग की ओर से पीसीएस परीक्षा में कट ऑफ लिस्ट आरक्षित वर्ग के उत्तराखंड मूल की महिलाओं के आरक्षण पर भी रोक लगाई है, जिस पर सुनवाई 11 अक्टूबर को होनी है। नेगी ने कहा कि प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत एवं महिलाओं के उत्थान हेतु ही विशेष तौर पर जुलाई 2001 में 20 फीसदी एवं जुलाई 2006 में इसको बढ़ाकर 30 फीसदी कर क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। पत्रकार वार्ता में विजय राम शर्मा व अमित जैन मौजूद थे।



## एक नजर

# आईसीयू में भर्ती हैं मुलायम सिंह यादव, समर्थक कर रहे हैं पूजा पाठ व यज्ञ

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी (सपा) संरक्षक मुलायम सिंह यादव मेदांता के आईसीयू में भर्ती हैं। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के गांव सैफई में भी लोग अपने नेता जी के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। मुलायम सिंह यादव के अस्वस्थ होने की खबर पाने के बाद सैफई में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों का हनुमान चालीसा का पाठ



और संकट मोचन का जाप शुरू हुआ। अखिलेश यादव, डिंपल यादव, प्रतीक यादव, धर्मेंद्र यादव, तेज प्रताप यादव, शिवपाल सिंह यादव समेत सभी परिवार के लोग फिलहाल दिल्ली में मौजूद है। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की सलामती के लिए वाराणसी में भी हनुमान मंदिर पर महामृत्युंजय और चामुंडा यज्ञ कराया जा रहा है। वाराणसी में भी सुबह से ही मंदिरों में यज्ञ हवन किया जा रहा है ताकि मुलायम सिंह यादव जल्द से जल्द ठीक हो सके और वापस अपने लोगों के बीच लौटे। सपा नेता रीबू श्रीवास्तव ने कहा कि नेताजी का ठीक होना देश के युवाओं, बेरोजगारों, किसानों के साथ ही देश की राजनीति के लिए जरूरी है।

# रामलीला में हनुमान की भूमिका निभा रहा शख्स अचानक स्टेज से नीचे गिरा, मौत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर से ऐसी ही दिल दहला देने वाली खबर आई है। यहां रामलीला में हनुमान की भूमिका निभा रहा शख्स अचानक स्टेज से नीचे गिरा और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आप देखेंगे कि हनुमान के रोल में रामस्वरूप मंच पर खड़े हैं।



हनुमान की पूंछ में आग लगाने वाला सीन चल रहा है। वह आगे-पीछे होते हैं थोड़ा उछलते हुए अपने सीन को निभा रहे थे कि अचानक धड़ाम से नीचे गिर पड़ते हैं। लोग उन्हें उठाने के लिए आगे बढ़ते हैं लेकिन कोई समझ नहीं पाता कि आखिर उन्हें अचानक से हुआ क्या। रामस्वरूप की उम्र 55 साल बताई जा रही है। वह अच्छे भले अपने रोल में लीन थे कि अचानक तबीयत बिगड़ी और कोई समझ ही नहीं पाया कि हुआ क्या। वहां चीख-पुकार मच गई लेकिन किसी की कोशिश काम नहीं आई और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

# इजराइल में मिला 5 लाख साल पुराना हाथी दांत!

नई दिल्ली। इजराइल में 5 लाख साल पुराने हठी के दांत की खोज की गयी है। वहीं इस खबर के सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद हर तरफ तलहका मच गया है। क्योंकि लोगों का इस पर विश्वास करना बेहद मुश्किल हो रहा है, दरअसल लोग इस बात पर यकीन नहीं कर पा रहा क्या ये वाकई में सच है। डीडब्ल्यू की खबर के मुताबिक शोधकर्ताओं विलुप्त हो चुके एक हाथी का




दांत मिला है जोकि लगभग 5 लाख साल पुराना बताया जा रहा है। मिले दांत की लम्बाई 2.6 मीटर (8.5 फुट) और वजन 150 किलो (330 पाउंड) है। प्राचीन हाथियों पर पढ़ाई कर रहे जीवविज्ञानी ईटन मोर ने इसे खोजा था। लेकिन जब पुरातत्विदों ने इस हाथी दांत को धरती से खोद कर निकाला तो उनके पास कोई शब्द नहीं था। ऐसा माना जा रहा है कि जिस हाथी का यह दांत है वह दैत्याकार रहा होगा। आज के अफ्रीकी हाथियों से उसका आकार दोगुना रहा होगा। अफ्रीकी हाथी पृथ्वी पर सबसे बड़े भूमि स्तनधारी हैं। ये हाथी दांत एकदम सीधा है। वैज्ञानिक मानते हैं कि 4 लाख साल पहले खत्म होने से पहले हाथी यूरोप और मध्य पूर्व में अन्य स्तनधारियों के साथ घूमते थे। दांत खोजने वाले ईटन कहते हैं, मैंने इसे जमीन से थोड़ा बाहर निकले हुए देखा था, ये किसी बड़े जानवर की हड्डी जैसा लग रहा था। ईटन मोर ने आगे बताया जब मैंने इसे करीब से देखा तो मुझे अहसास हुआ कि यह कुछ अलग है, जिसके बाद मैंने इसके बारे में तुरंत रिपोर्ट किया। इजराइल एंटिक्विटीज अथॉरिटी की ओर से कहा गया, वैज्ञानिक शुरुआत में इस खोज को लेकर अपनी आंखों पर विश्वास ही नहीं कर सके।

# ट्रैफिक जाम का नया हॉटस्पाट बना जाखन

संवाददाता

देहरादून। जाखन चौराहा जाम का नया हॉटस्पाट बन गया है जहां आये दिन जाम की स्थिति बनी रहती है और एक होमगार्ड को इसकी डयूटी में लगाया जाता है जोकि काफी नहीं होता और शासन प्रशासन के अधिकारियों का वहां से अक्सर आना जाना रहता है लेकिन उनको यह दिखायी नहीं देता यह अपने आपमें चिन्ता का विषय है।



शहर में जाम का आलम किसी से छुपा हुआ नहीं है और अब तो शायद यहां के निवासियों को इसकी आदत सी पड गयी है। लेकिन शहर का सबसे शांत इलाका कहे जाने वाला जाखन, जोहडी गांव राजपुर जैसा इलाका भी अब इससे अछूता नहीं रह गया है। शहर से भी अधिक जाम वर्तमान में वहां के लोगों को झेलना पडता है। जाखन चौक से जोहडी गांव सहित लगभग पचास गांव इस रोड से जुडे हुए हैं तथा वहां के बाशिंदों का शहर में आने जाने का मार्ग वही है। लेकिन अब वह मार्ग ही उनके लिए सिरदर्द बन गया है। यह काम प्रदेश की सरकार के सलाहकारों की देन है। जाखन गांव, जोहडी, दून विहार कालोनी सहित अनेकों कालोनियां जाखन गांव के आसपास बस गयी हैं। पहले यहां की स्थिति ऐसी नहीं थी लेकिन जब से सरकार को चलाने वाले अधिकारियों ने यहां पर रोड प्लान बनाया तो वह यहां के लोगों के लिए सिरदर्द बन गया। डायवर्जन से जाखन चौक तक कोई भी कट नहीं है कि कोई उस कट का इस्तेमाल करे और वाहनों का दबाव जाखन चौक पर कम हो। जबकि शासन प्रशासन के अधिकारी लगभग प्रत्येक दिन वहां से गुजरते है यही नहीं मुख्य सचिव का आवास भी इसी रूट पर है क्या यह जाम उनको दिखायी नहीं देता। आईपीएस कालोनी के अधिकारियों का भी यहां से आना जाना होता है लेकिन यहां का जाम किसी को कैसे दिखायी नहीं देता यह अपने आपमें सोचनीय विषय है। जोहडी गांव हो या फिर वहां से जुडे अन्य गांव के निवासियों को अगर वहां से गुजरना होता है तो सबसे पहले उनको जाम का सामना करना पडता है। आलम यह है कि पुलिस अधिकारियों ने इस जाम की रखवाली के लिए मात्र एक होमगार्ड को लगाया हुआ है। अगर कभी गलती से जाखन चौकी से पुलिस को लगा भी दिया जाता है तो उसके आकर्षण का केन्द्र बगैर हैल्मेट पहने दुपहिया वाहन चालक होते हैं और वह उनको पकडकर उनका चालान करने में लग जाते है। जबकि उस मार्ग पर पुलिस संचार कार्यालय भी पडता है तो मुख्य सचिव का आवास भी उसी मार्ग पर है। पूर्व में आईपीएस कालोनी की तरफ जाने वाले मार्ग पर एक कट था जहां से वाहनों का आना जाना रहता था लेकिन वह कट किसको सता रहा था इसका किसी को पता नही। जिसके बाद उस कट को बंद कर दिया गया जिसके बाद सारा दबाव एक मात्र जाखन चौक पर पडने लगा। जबकि वहां पर बच्चों का एक स्कूल (स्कालर्स होम) भी पडता है और छुट्टी के समय स्कूली बच्चों को भी काफी परेशानी का सामना करना पडता है और इस नये जाम के हॉटस्पाट से कैसे निपटा जाये इसके बारे में शायद ही किसी अधिकारी के जहन में कोई प्लान आया हो ऐसा कुछ दिखायी नहीं देता। शायद यह जाम भी शहरवासियों की तरह वहां पर रहने वालों किस्मत में लिखा जा चुका है।

## महिला यात्री से छेड़छाड़ पर, चालक निलम्बित परिचालक बर्खास्त

विशेष संवाददाता

नैनीताल। हल्द्वानी में बीते दिनों एक महिला यात्री से छेड़छाड़ के मामले में परिवहन निगम द्वारा बड़ा एक्शन लेते हुए जहां चालक को निलम्बित कर दिया है वहीं परिचालक की सेवाएं भी समाप्त करने के आदेश जारी कर दिए गये है।

विदित हो कि कुछ दिन पूर्व काठगोदाम डिपो की एक बस हिसार से 40 यात्रियों को लेकर हल्द्वानी आ रहा थी। इस दौरान रास्ते में चालक ने बस परिचालक के सुपुर्द कर दी और स्वयं एक महिला यात्री के बगल में जाकर बैठ गया। बताया जा रहा है कि इसके बाद उसने महिला के साथ छेड़छाड़ करनी शुरू की। जिसका महिला यात्री द्वारा विरोध जताने पर हो हल्ला मच गया। बस में मौजूद यात्रियों ने चालक की करतूत देखकर उसकी जमकर धुनाई कर दी और हल्द्वानी पहुंचने पर महिला ने कोतवाली में इस घटना की शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने बस चालक व परिचालक को हिरासत में ले लिया। इस घटना को लेकर यात्रियों द्वारा कोतवाली में हंगामा भी किया गया। जिसके बाद चालक ने माफी मांगी और तब जाकर मामला शांत हुआ। मामले की सूचना मिलने पर परिवहन निगम के अधिकारी भी मौके पर पहुंचें और घटना की जानकारी ली। परिवहन निगम के सहायक महाप्रबंधक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष श्रेणी वाले परिचालक तरनजीत सिंह की सेवाएं समाप्त करते हुए चालक कुलदीप सिंह को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने के आदेश जारी कर दिये है।

# भारतीय सेना को चाहिए गोरखा जवान

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय फौज को गोरखाली जवानों की जरूरत है। या यह कहें कि भारतीय फौज के लिए गोरखाओं की अपनी अलग महत्वता है इसलिए हमें सेना के लिए हर हाल में गोरखाली जवान चाहिए, तो यह भी अनुचित नहीं है। यही कारण है कि हमारी केंद्र सरकार द्वारा नेपाल सरकार की तमाम उन आशंकाओं को दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं जो अभी हाल में लांच की गई अग्निपथ योजना को लेकर जताई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि भारत द्वारा अभी अगस्त माह में नेपाल में दो भर्ती केंद्रों पर भर्ती की योजना बनाई गई थी लेकिन नेपाल सरकार द्वारा इसकी अनुमति न दिए जाने के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था। दरअसल नेपाल सरकार को 4 साल की सेवाओं को लेकर कुछ आपत्तियां थी वही उसके द्वारा इसे भारत नेपाल और ब्रिटेन के बीच हुई त्रिपक्षीय संधि 1947 का उल्लंघन बताया जा रहा है।

भारतीय सेना में सात गोरखा रेजिमेंट है जिनमें से छह स्वतंत्रता से पहले की है। 39 बटालियन है जिनमें कुल मिलाकर 32 हजार के करीब नेपाली गोरखा है। सवाल यह है कि जब नेपाली गोरखा पूर्व समय से भारतीय सेना का हिस्सा है तो फिर अब आपत्ति क्यों? भारत सरकार द्वारा नेपाल सरकार को यह समझाने और उसकी शंकाओं को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है कि अग्निपथ योजना में गोरखा जवानों को भी वह सब सुविधाएं मिलेंगी जो भारतीय जवानों को मिलेंगी, लेकिन अगर इसके बावजूद

## ❑नेपाल नहीं माना तो भारतीय गोरखाओं की भर्ती

नेपाल की सरकार इसकी मंजूरी नहीं देती है तो भारत सरकार भारतीय गोरखा जवानों को भर्ती कर इसकी कमी को दूर करने का प्रयास करेगी। हालांकि यह काम मुश्किल जरूर होगा क्योंकि भारत में गोरखालियों की आबादी कम है इसलिए हर साल 20-25 हजार जवानों की जरूरत को पूरा करना आसान नहीं होगा। वही गोरखालियों की वीरता और कर्मठता के कारण सुरक्षा एजेंसियों में गोरखाली जवानों की मांग अधिक रहती है। लेकिन भारतीय सेनाओं को गोरखा जवानों की जरूरत है और वह इसे हर हाल में पूरा करना चाहती है।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*